तथ्य-पत्रक (फैक्टशीट)

# विकलांगता से ग्रस्त लोगों के लिए पंजीकरण जानकारी

अगस्त 2023



विकलांगता सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों के लिए विकलांगता कर्मचारियों के कौशल और विशेषज्ञता को लेकर आश्वस्त होना कठिन हो सकता है। सभी विकलांगता कर्मचारियों का सुरक्षा और क्षमता के लिए एक ही तरह से आकलन नहीं किया जाता है।

विकलांगता कर्मचारियों के पंजीकरण का उद्देश्य विकलांगता सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार करके पूरे विकलांगता समुदाय में सुरक्षा उपायों को बढ़ाना है।

## मुझे एक पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी का चयन क्यों करना चाहिए?

यह महत्वपूर्ण है कि विकलांगता सेवाओं का उपयोग करते समय विकलांग लोग सुरक्षित और सशक्त महसूस करें। एक कर्मी और विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति के बीच बहुत अधिक विश्वास शामिल होता है, इसलिए आरंभ से ही यह पता होने से अच्छा विश्वास स्थापित हो पाता है कि कर्मी का समुचित आकलन किया गया है।

विकलांगता ग्रस्त लोगों को एक ऐसे विकलांगता कर्मचारी का चयन करने का अधिकार है जिसका आकलन स्वतंत्र रूप से एक सुरक्षित और सक्षम विकलांगता कर्मचारी के रूप में किया गया हो।

पंजीकृत विकलांगता कर्मचारियों को पंजीकरण प्रदान किए जाने से पहले उनकी पृष्ठभूमि, योग्यताओं, अनुभव और कौशल के आधार पर उनका आकलन किया जाता है।

इसका अर्थ यह है कि विकलांगता ग्रस्त लोग जो एक पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी का चयन करते हैं, वे इस बात को लेकर आश्वस्त हो सकते हैं कि वे एक सुरक्षित विकल्प चुन रहे हैं।

एक पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी का चयन करने से आपको ऐसी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी जो सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली हैं, यह जानते हुए कि कर्मचारी की जाँच की गई है और उसे जवाबदेह बनाया गया है। भले ही पंजीकृत विक्टोरियाई विकलांगता कर्मचारियों को कैसे भी वित्त पोषित या नियोजित किया जाए, उनका आकलन स्वतंत्र रूप से नियामक, विक्टोरिया के विकलांगता कर्मचारी पंजीकरण बोर्ड (Disability Worker Registration Board of Victoria) द्वारा सुरक्षित, कुशल और पेशेवर के रूप में किया जाता है।

एक उपयुक्त कर्मचारी का चयन करते समय, ऑनलाइन विकलांगता कर्मचारी रजिस्टर **www.vdwc.vic.gov.au** के माध्यम से यह जांचना कि क्या वे पंजीकृत हैं, आसान है।

## कर्मचारियों को पंजीकरण कराने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता होती है?

तीन पंजीकरण मानक हैं जो आवेदकों के लिए पंजीकृत होने हेतु पूरे करने अनिवार्य हैं और यदि वे अपना पंजीकरण बनाए रखना चाहते हैं तो उनके लिए इन्हें पूरा करना जारी रखना अनिवार्य है। वे हैं:

**1. अंग्रेजी में योग्यता**
पंजीकृत होने के लिए, यह ज़रूरी है कि विकलांगता कर्मचारी अंग्रेजी में बोलने या बातचीत करने के लिए सक्षम हों।

**2. क्रिमिनल हिस्ट्री (बैकग्राउंड)**
आवेदकों से पूछा जाएगा कि क्या उन्होंने विक्टोरिया या किन्हीं अन्य स्थानों पर किसी भी अपराध(ओं) को स्वीकार किया है या इसके लिए उन्हें अपराधी माना गया है, उन पर आरोप लगाया गया है या दोषी ठहराया गया है। आवेदन आकलन के दौरान आपराधिक इतिहास की जांच की जाएगी।

**3. व्यावसायिक विकास जारी रखना**
सभी पंजीकृत कर्मचारियों को पंजीकरण वर्ष के दौरान निरंतर व्यावसायिक विकास के 10 घंटे पूरे करने होंगे और जब वे अपने पंजीकरण को नवीनीकृत (रिन्यू) करने के लिए आवेदन करेंगे तो उन्हें इन घंटों का विवरण प्रदान करना होगा।

*पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी टिक ऑफ कान्फिडेन्स की खोज करें*

# अधिक सुरक्षित, मजबूत, विकलांगता क्षेत्र का निर्माण करने में मदद करें

## क्या मैं एक पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी का चयन कर पाऊंगा?

आप पंजीकृत कर्मचारियों द्वारा विकलांगता सेवाएं प्रदान किए जाने का चयन कर सकते हैं।

इसका अर्थ है कि आप अपने लिए सही विकलांगता कर्मचारी का चयन कर सकते हैं, यह जानते हुए कि उनके पास सुरक्षित अभ्यास के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और गुण हैं।

## यदि मेरे पास एनडीआईएस योजना है तो क्या मैं एक पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी का चयन कर सकता हूं?

हां, पंजीकृत कर्मचारी एनडीआईएस सेवा प्रदाताओं सहित सभी प्रकार के संगठनों में काम कर सकते हैं, या वे सेल्फ-इम्पलॉयड (स्व-नियोजित) हो सकते हैं।

पंजीकरण सुनिश्चित करता है कि विक्टोरियाई विकलांगता कर्मचारियों का आकलन सुरक्षित, कुशल और पेशेवर के तौर पर किया जाता है, भले ही आपका विकलांगता कर्मचारी किसी भी सेवा प्रदाता के लिए काम करता हो, वे अपनी सेवाओं का विज्ञापन कहीं भी करता हो या उनकी सेवाओं को किसी भी प्रकार से वित्त पोषित किया जाता हो।

इसका अर्थ है कि आप अपनी एनडीआईएस योजना के माध्यम से एक पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी का चयन कर सकते हैं।

## क्या मैं किसी अपंजीकृत विकलांगता कर्मचारी का चयन कर सकता हूं?

आप किसी ऐसे कर्मचारी का चयन करने का फैसला कर सकते हैं जो पंजीकृत नहीं है। विक्टोरिया में अपंजीकृत कर्मचारियों के लिए आचार संहिता का पालन करना आवश्यक है। विक्टोरियाई विकलांगता कर्मचारी आयुक्त अपंजीकृत विकलांगता कर्मचारियों का विनियमन करता है।

सभी विक्टोरियाई विकलांगता कर्मचारियों को विकलांगता सेवा सुरक्षा-उपायों की आचार संहिता का पालन करना होगा और यह विकलांगता से ग्रस्त लोगों को नुकसान और दुर्व्यवहार से बचाने के लिए एक मानक प्रदान करता है।

संहिता NDIS आचार संहिता के समान आवश्यकताओं को अपनाती है। इसका अर्थ है कि सभी विकलांगता कर्मचारियों पर समान आवश्यकताएं लागू होती हैं, भले ही उन्हें एनडीआईएस से या फिर अन्य प्रदाताओं के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता हो।

## विकलांगता कार्यकर्ता रजिस्टर

सभी पंजीकृत विकलांगता कर्मचारी विक्टोरियन विकलांगता कर्मचारियों के सार्वजनिक रजिस्टर पर सूचीबद्ध होते हैं जो **www.vdwc.vic.gov.au** पर उपलब्ध है। आप अपने आस-पास पंजीकृत विकलांगता कर्मचारियों का पता लगाने के लिए रजिस्टर पर सर्च कर सकते हैं।

वेबसाइट पर आप उन विक्टोरियाई विकलांगता कर्मचारियों की एक सूची भी पा सकेंगे जिनके खिलाफ निषेध आदेश (prohibition order) जारी किया गया है।

### विक्टोरियाई विकलांगता कर्मचारी आयोग के बारे में

विक्टोरियाई विकलांगता कर्मचारी आयोग एक स्वतंत्र निकाय है जिसे विकलांगता से ग्रस्त लोगों की बेहतर सुरक्षा के लिए और एक मजबूत, सुरक्षित विकलांगता क्षेत्र का निर्माण करने के लिए स्थापित किया गया है। यह विकलांगता सेवा सुरक्षा-उपाय आचार संहिता के लिए जिम्मेदार है, जो विक्टोरिया में विकलांगता ग्रस्त लोगों की सहायता करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए और शिकायत सेवा के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं स्थापित करता है। यह शिकायतों और सूचनाओं को स्वीकार कर सकता है, और इसके पास लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कर्मचारियों की जांच-पड़ताल करने और उन पर प्रतिबंध लगाने की शक्तियां हैं।

हमारी वेबसाइट **vdwc.vic.gov.au** पर जाएँ या **1800 497 132**
हमारे **न्यूज़लेटर के लिए साइन अप करें**

हमें फॉलो करें